पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़
1 करोड़ से अधिक पाठक
पंजाब केसरी ग्रुप
www.punjabkesari.in

पंजाब केसरी

PUNJAB KESARI Jalandhar
जालंधर, लुधियाना, पालमपुर, फरीदाबाद, हिसार, जम्मू, चंडीगढ़
जालंधर
वर्ष 47, अंक 165
मूल्य ₹ 2.00

BOOK REVIEW

काशी मरणान्मुक्ति (उपन्यास)

लेखक : मनोज ठक्कर, रश्मि छाजेड़ **प्रकाशक :** शिव ओम साई प्रकाशन, 95/3, वल्लभ नगर, इंदौर (मध्य प्रदेश), **पृष्ठ संख्या** :502, **मूल्य** : 501 रुपए

'काशी मरणान्मुक्ति' एक दार्शनिक उपन्यास है जो नायक महामृणन्गाम नामक, एक चांडाल के जीवन पर आधारित है जो सद्गुरु खोज करते हुए अध्यात्म के चरण को पाकर, पशु से पशुपति अर्थात शिव हो जाता है। यह पुस्तक वेद एवं पुराणों को कथा रूप में इस प्रकार प्रस्तुत करती है कि हमें हमारे वेद और पुराण कालातीत से वर्तमान तक जीवित होने की सार्थकता समझा जाते हैं।

अध्यात्म एवं दर्शन पर आधारित कथा, 'काशी मरणान्मुक्ति' में बताया गया है कि यदि जीव का मरण काशी में होता है तो वह अमृत अर्थात मुक्त हो जाता है और यही 'काशी मरणान्मुक्ति' है।